तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च, 2025

11 डीसी के निर्देश, कहीं भी पानी की किल्लत न हो



12 पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी का जन्मदिन मनाया



# फैक्टरी में आग, साथ लगती कंपनी भी चपेट में आई दमकल की 15 गाड़ियों ने सात घंटे में काबू पाया

## थिनर और केमिकल के ड्रमों की वजह से आग ने लिया विकराल रूप, कर्मचारी बचे

- राई औद्योगिक क्षेत्र में दोपहर को हादसा, घटना, सोनीपत, राई, कुंडली और दिल्ली से पहुंची पानी की गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्रिंटिंग पैकेजिंग की फैक्टरी में मंगलवार दोपहर को आग लग गई। आग ने केमिकल और थिनर की वजह से विकराल रूप धर लिया। जिसके चलते पड़ोस की एक फैक्टरी को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने मशक्कत के साथ लगती फैक्टरी की आग पर काबू पाया। टीम सात घंटे से प्रिंटिंग पैकेजिंग फैक्टरी की आग पर काबू पाने में लगी है। आग की वजह से लाखों रुपये के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्लॉट नंबर 1329 में मल्टीलेयर पैकेजिंग के नाम से प्रिंटिंग पैकेजिंग क फैक्टरी है। मंगलवार दोपहर साढ़े 12 बजे फैक्टरी में अचानक आग लग गई। आग लगी देख श्रमिक बाहर भागे। कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्टरी के अंदर रखे थिनर व केमिकल के ड्रमों ने आग पकड़ ली। जिससे आग भड़क गई। थिनर के ड्रम बम की तरफ फटने लगे। आग लगने की सूचना से दमकल विभाग को दी गई। जिस पर राई, सोनीपत, कुंडली, दिल्ली, पानीपत से 15 गाडियां मौके पर पहुंची। राई थाना पुलिस, एसडीएम व प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची। आग से करोड़ों का नुकसान होने की आशंका है। आग ने साथ लगती एक अन्य फैक्टरी को चपेट में ले लिया। हालांकि दमकल की टीम ने उस फैक्टरी की आग पर काबू पा लिया। मल्टीलेयर पैकेजिंग फैक्टरी में रात तकरीबन 9 बजे आग पर काबू पाया जा सका।





सोनीपत। फैक्टरी में लगी आग और आग बुझाते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



### फैक्ट्री से समय पर निकाल लिए गए कर्मचारी

मौके पर पहुंचे उद्योगपति परमहंस सोलंकी ने बताया कि फैक्टरी में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग बड़े स्तर पर लगी है। यहां प्रिंटिंग पैकेजिंग संबंधी उत्पाद बनते हैं। आग लगने वाली फैक्टरी से सभी कर्मियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। आग लगने से मशीनें व प्रिंटिंग संबंधी सभी उत्पाद जल चुके हैं। फैक्टरी मालिक हरदीप सिंह उर्फ लक्की ने कहा कि आग किस वजह से लगी, अभी इस बारे में स्पष्ट नहीं कह सकते। आग से उनकी फैक्टरी, तैयार माल, मशीन व कच्चा माल जल गया। भारी नुकसान हुआ है।

### गेल की आपूर्ति नहीं हो पाई समय से बंद

सहायक अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना साढ़े 12 बजे मिली थी। उसके बाद तुरंत गाडियों को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने में लगे हैं। शुरुआत में आग पर काबू पाने में गेल गैस कंपनी की आपूर्ति बंद होने में लगा समय भी मुसीबत बन गया। जैसे ही आपूर्ति बंद हुई तो आग पर काबू पाना भी शुरू हो गया। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### आग ले चुकी कई जान

- 7 मई 2024 को गांव जाहरी में बीयर फैक्टरी में बॉयलर फटने से श्रमिक की जान गई थी।
- 16 मई, 2024 को प्याऊ मनियारी में कत्था फैक्टरी के अंदर बॉयलर फटा था। छह श्रमिकों की जान गई थी।
- 28 मई, 2024 को राई औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी में सॉल्वेंट का ड्रम फट गया था। दो उद्योगपतियों सहित 14 लोगों की जान जा चुकी है।
- 30 मई, 2024 को कुंडली की दो फैक्टरियों में आग लगी थी। कुंडली के फेज-5 में एक ही भवन के दो फ्लोर पर चल रही फैक्टरियों में आग लगी थी।
- 31 मई, 2024 को खरखौदा के फिरोजपुर बांगर की पेंट फैक्टरी में आग लगी।
- 13 जून, 2024 को फोम फैक्टरी के गोदाम में आग

# हत्यारे नाबालिग को 14 साल की सजा सुनाई

- 30 हजार का जुर्माना लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जुआं में किसान की हत्या करने के मामले में घटना के समय नाबालिग रहे आरोपित को अदालत ने 14 साल की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. नरिंद्र कौर की अदालत ने आरोपित किशोर को चिल्ड्रन इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ (सीसीएल) मानते हुए यह सजा सुनाई। आरोपित पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी किया गया है। हालांकि मामले में अन्य आरोपितों की सुनवाई अभी दूसरी अदालत में जारी है।

गांव जुआं निवासी अमित ने 5 अगस्त, 2020 को मोहाना थाना पुलिस को बताया था कि उनके पिता नरेंद्र सिंह (54) एक दिन पहले शाम को खेत में धान की फसल में सिंचाई करने गए थे। वह देर रात तक वापस नहीं लौटे थे तो वह अपने चाचा मंजीत के साथ अपने खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर गए थे। वहां कमरे के आगे बरामदे में उनके पिता नरेंद्र का शव मिला था। उनकी तीन गोली मारकर हत्या की गई थी। अमित ने मामले से मोहाना थाना पुलिस को अवगत कराया था। अमित ने अपने पड़ोसी किसान संजय, उसके बेटे व बेटे के दोस्त गांव के प्रिंस तथा अन्य पर उनके पिता की हत्या का आरोप लगाया था। अमित ने पुलिस को बताया था कि उनके पड़ोसी किसान संजय व उसके बड़े भाई सुनील का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके चलते सुनील गांव से बाहर रहता है। सुनील ने तीन साल पहले अपने हिस्से की जमीन उन्हें साझे (पट्टे) पर दी थी। जिस पर संजय व उसके बेटे ने उनके घर आकर जमीन लेने से मना कर दिया था। साथ ही धमकी भी दी थी। जिसके चलते उन्होंने साझे पर ली गई जमीन को छोड़ दिया था। उसके बावजूद आरोपी उनसे रंजिश रखे रहे और उनके पिता की हत्या कर दी गई थी।

### अलग कोर्ट में सुनवाई

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में आरोपितों को पकड़ा गया था। उनमें एक नाबालिग शामिल था। मामले में बालिग व नाबालिग के मामलों की सुनवाई अलग-अलग अदालत में चल रही है। मामले में अब अदालत ने नाबालिग को चिल्ड्रन इन कॉनफ्लिक्ट विद लॉ माना है। एएसजे डॉ. नरिंद्र कौर की अदालत ने उसे 14 साल कैद व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर तीन साल अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

### सड़क हादसे में पंजाब के युवक की मौत

**गन्नौर।** पिपली खेड़ा फ्लाईओवर के पास एक सड़क हादसे में पंजाब के युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और टैक्सी चालक घायल हो गए। मृतक की पत्नी ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में फतेहगढ़ साहब, पंजाब की रहने वाली मनप्रीत कौर ने बताया कि वह अपने पति जसमीत सिंह (34) के साथ घूमने के लिए दुबई जा रही थी। वह पंजाब से टैक्सी में सवार थे। टैक्सी को रंजीत सिंह चला रहा था। सुबह करीब साढे पांच बजे, एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए अपनी गाड़ी अचानक टैक्सी की ओर मोड़ दी, जिससे उनकी टैक्सी पलट गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सोनीपत के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जसमीत सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## खबर संक्षेप



### लॉन टेनिस चैंपियनशिप में जीते पदक

**सोनीपत।** पंचकुला में 21 मार्च से 23 मार्च 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के लॉन टेनिस खिलाड़ियो ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में 7 स्वर्ण पदक 5 रजत पदक व 3 कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों में निशांत, सक्षम, विदित, देव, रियान, अविराज, धैर्य, देव, चहक, देवांशी, हिमानी, एंजल, अभिमन्यु, आहान व अमायरा ने प्रतियोगिता में पदक जीतकर मई माह में आयोजित नॉर्थ जोन लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता के लिए भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### गढ़ी उजाले खां में घर के बाहर खड़ी ट्राली चुराई

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां में रहने वाले साहब सिंह के घर के बाहर से उसकी ट्राली चोरी कर ली गई। शहर थाना में केस दर्ज किया गया। साहब सिंह खेती करता है। 21 मार्च की रात को उसने ट्राली को घर के बाहर खड़ा किया था। रात को अज्ञात व्यक्ति ट्रैक्टर के पीछे उसकी ट्राली को जोड़ ले गया। उसने अपने स्तर पर चोर व ट्राली की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी।

### चौराहे पर पूजा करने पर महिला से मारपीट

**गोहाना।** गांव धनाना में चौराहे पर पूजा करने पर अनुसूचित जाति महिला को धक्का देकर मारपीट की गई। आरोपित ने उसे जातिसूचक शब्द किए। बरोदा थाना में एससीएसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह बेटे के साथ चौराहे पर पूजा करने गई थी। जब वह पूजा कर रही थी तो गांव का सोनू आया और मारपीट शुरू कर दी। उसने एतराज जताया तो जातिसूचक शब्द कहते हुए धक्का दिया। आरोपितों ने धमकी दी क शिकायत देने पर जान से मार देगा।

### बिजली के पांच लाख रुपये के तार चोरी

**खरखौदा।** आईएमटी खरखौदा के लिए बिजली की तार लगाने वाली कंपनी की तार चोरी हो गई है। कंपनी के कर्मचारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने सप्ताह भर पहले आईएमटी खरखौदा के लिए गांव झरोठ में बिजली की तार लगाई थी। मंगलवार को उन्होंने पाया कि चोरों ने बिजली की 293 मीटर की चार तार चोरी कर ली है। जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पूर्व सैनिकों का महा सम्मेलन 30 मार्च को

**सोनीपत।** पूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकारिणी मीटिंग द्वारा जिले के सभी पूर्व सैनिकों का महा सम्मेलन बुलाने का आहवान किया गया है। सत्यपाल काजला की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को सुबह छोटू राम धर्मशाला, सोनीपत में पूर्व सैनिकों का महा सम्मेलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। सोसाइटी के प्रवक्ता हर स्वरूप भारद्वाज ने बताया कि पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही ओआरओपी की विसंगतियां, समान एमएसपी, खरखोदा में सीएसडी कैंटीन एक्टेंशन काउंटर जैस मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# पुजारी ने ही की थी दुकानदार की हत्या, गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



थाना खरखौदा की पुलिस टीम ने दुकानदार की हत्या करने की घटना में शामिल मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजकुमार कुशीनगर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। धार्मिक स्थल का पुजारी ही हत्या का आरोपित है और प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना गुनाह भी कबूल कर लिया है। पुलिस के अनुसार पहले एक अन्य मंदिर से निकलवाने का बदला लेने के लिये ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। गत 21 मार्च को दुकानदार के पुत्र गौरव ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि उसके पिता बालकिशन 20 मार्च दोपहर करीब 3 बजे घर से स्कूटी लेकर निकले थे। जोकि देर रात तक घर नही पहुंचे। उनका मोबाईल भी बंद आ रहा है। उन्होंने अपने स्तर पर उन्हें काफी तलाश किया। लेकिन कहीं पता नहीं लगा। पुलिस को जाँच के दौरान जानकारी मिली कि गुमशुदा दुकानदार की किसी ने हत्या कर दी है और उसका शव गोपालपुर मार्ग स्थित बावरिया नामक धार्मिक स्थल में है। जिसके पश्चात घटना में हत्या की धारा दर्ज की गई। थाना खरखौदा के निरीक्षक कर्ण सिंह के नेतृत्व में सौरभ व ए एसआई वेदपाल ने खोजबीन करते हुए घटना में शामिल मुख्य आरोपित राजकुमार को गिरफ्तार किया है।

# गांव अकबरपुर बारोटा में अवैध निर्माण ध्वस्त किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को गांव अकबरपुर बारोटा की राजस्व सम्पदा में बाजीदपुर सबौली रोड़ पर 05 एकड़ भूमि में इंटरलॉकिंग टाईल रोड़, बाउंडरी वॉल तथा 07 डीपीसी को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपी) अजमेर ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं।

# भीग मांग रहे थे 10 बच्चे, एक से करवाई जा रही थी मजदूरी, यूनिट ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्रवाई करते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के अधिकारी।

मिशन मुस्कान के तहत स्टेट क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट लगातार छापे मार रही है। मंगलवार को भी मिशन के तहत 11 बच्चों को बचाया गया। जिसमें से 10 बच्चों से भीख मंगवाई जा रही थी, वहीं एक बच्चे से मजदूरी करवाई जा रही थी। उन्हें चाइल्ड वेलफेयर समिति के सामने ले जाया जाएगा। उसके बाद उन्हें बालग्राम राई या अन्य केंद्र में भेजा जाएगा।

एएसआई अनिल ने बताया कि उनकी टीम ने मिशन मुस्कान के तहत अलग-अलग स्थानों पर जांच की। मंगलवार को टीम ने सेक्टर-14 मार्केट व आसपास के क्षेत्र में जांच की। वहां भीख मांग रहे 10 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इनकी उम्र 12 वर्ष से नीचे है। साथ ही एक दुकान पर काम कर रहे नाबालिग बच्चे को रेस्क्यू किया गया।

टीम ने नियमानुसार कार्रवाई की। फोटो व वीडियो लेकर सबूत भी जुटाए हैं। बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर समिति के सामने ले जाया गया। वहां से उन्हें राई बालग्राम या अन्य केंद्र में भेजा जाएगा। सभी बच्चों को नागरिक अस्पताल में ले जाकर उनका मेडिकल कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस माह में 40 बच्चों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

## एफडीए टीम ने फिरोजपुर बांगर क्षेत्र में कार्रवाई की

# बिना लाइसेंस चल रही फैक्ट्री पकड़ी, सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गांव फिरोजपुर बांगर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने बिना लाइसेंस चल रही दवा निर्माण फैक्टरी को सील कर दिया है। साथ ही वहां से पकड़े गए आरोपी योगेश को पुलिस को सौंपकर खरखौदा थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी कि नामी फार्मा कंपनियों के एंटीबायोटिक दवाओं के उत्पादन कब से किया जा रहा था। कहां से दवाओं की सप्लाई की जा रही थी। इस मामले में एफडीए की ओर से जांच की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) को लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध दवा निर्माण की सूचना मिल रही थी।

हालांकि, यह फैक्ट्री कब से सक्रिय थी और अब तक कितने बड़े स्तर पर दवाइयों की सप्लाई की जा चुकी है, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यहां से बड़ी मात्रा में दवाइयां विभिन्न राज्यों में भेजी जा रही थीं। यहां हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र की फार्मा कंपनियों के नाम से नकली दवाएं तैयार की जा रही थीं।



खरखौदा। फैक्ट्री में दवाओं की जांच करती एफडीए की टीम।

### संचालन से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही

एफडीए के वरिष्ठ औषधि नियंत्रक अधिकारी राकेश दहिया ने बताया कि दवा निर्माण फैक्टरी के संचालन से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि ये नकली दवाएं कहां-कहां सप्लाई की जा रही थीं। प्रशासन यह भी जांच करेगा कि कहीं अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों तक भी यह दवाएं तो नहीं पहुंचाई जा रही थीं। एफडीए की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध कारोबार का नेटवर्क कितना बड़ा है और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# मंत्रालय की टीम ने मुरथल पीएचसी का निरीक्षण किया



खरखौदा। मुरथल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची टीम के साथ केंद्र के इंचार्ज चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गर्ग व स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की विशेष टीम ने मुरथल हेल्थ एंव वेलनेस सेंटर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व श्रीनगर से आए डा. मोहम्मद इब्राहिम वानी ने किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया और केंद्र के इंचार्ज चिकित्सा अधिकारी डा. संजीव गर्ग के साथ ही मरीजों व स्टाफ से भी बातचीत की। टीम ने विशेष रूप से मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं, नवजात शिशु जांच सुविधा और टीकाकरण सेवाओं की स्थिति को परखा। इसके अलावा, इमरजेंसी सेवाओं, ड्रेसिंग सुविधा, फार्मेसी, लेबोरेटरी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, उपकरणों और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। टीम ने मरीजों और अस्पताल स्टाफ से फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर दवाइयां और इलाज मिल रहा है, जबकि कुछ ने स्टाफ की संख्या बढ़ाने और सुविधाओं के विस्तार की जरूरत पर जोर दिया।

### दो ग्रामीणों के बैंक खाते से रुपये उड़ाए

**गोहाना।** गांव सिरसाढ़ और अहमदपुर माजरा के दो ग्रामीणों से ठगी हो गई। साइबर ठगों ने उनके खातों से रुपये निकाल लिए। सिरसाढ़ के ग्रामीण के खाते से 1.30 लाख रुपये और अहमदपुर माजरा के ग्रामीण से 85 हजार रुपये की ठगी हुई। दोनों का दावा है कि उन्होंने किसी को ओटीपी नहीं बताया। सदर थाना में केस दर्ज किए गए। गांव सिरसाढ़ का बंटी एचकेआरएन के तहत बिजली विभाग में नौकरी करता है। उनका खाता यूनियन बैंक की बहादुरगढ़ शाखा में है। उसके खाते से 29 नवंबर से एक दिसंबर 2024 तक आठ बार ट्रांजेक्शन की गई।

उनके खाते से कुल एक लाख 30 हजार 800 रुपये निकाले गए। बंटी का कहना है कि उसने किसी से ओटीपी शेयर नहीं किया। दूसरी तरफ अहमदपुर माजरा के महाबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने बैंक आफ बड़ौदा और इंडियन बैंक की गोहाना शाखाओं में खाते खुलवा रखे हैं। 22 नवंबर को उनके दोनों खातों से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 85 हजार रुपये निकाले गए थे। इस बारे उसे मैसेज प्राप्त हुए थे।




# 'फुले' में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म 'फुले'का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी 'सिकंदर'



सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

हॉलीवुड मसाला




# 'द डोनट ब्रदर्स' पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को 'गो' कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, 'मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई 'नो अदर लैंड'

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। 'नो अदर लैंड' का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में 'रंगभेद की स्थिति' की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। 'नो अदर लैंड' में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# 'छोरी-2' में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म 'छोरी'ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी 'छोरी 2' भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। 'छोरी 2' के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म 'छोरी 2' के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ'। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# 'रेड-2' से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई'। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, 'रेड 2' आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म 'एनिमल' से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, 'हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह 'जपनाम' कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, 'एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम' ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी 'जपनाम' कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

## अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...



**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों*



*के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें 'लंदन ठुमकदा', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा', और 'आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*

# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2** : 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड'1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब 'रेड' के लगभग 7 साल बाद मेकर्स 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। 'रेड 2' 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5** : साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी 'हाउसफुल 5' इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो



चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

**वॉर 2** : यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर 'वॉर' की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2** : अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे'साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग 'दे दे प्यार दे 2' इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



### डैनी डेन्जोंगपा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंगपा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म 'सनम बेवफा' और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

### ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंगपा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंगपा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

## खबर संक्षेप

### सोनीपत हॉफ मैराथन की तैयारियां जोरों पर

सोनीपत। नशे के विरूद्ध युवाओं में अलख जगाने के लिए 30 मार्च को दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में आयोजित की जा रही सोनीपत हॉफ मैराथन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का दौरा किया। इस दौरान सभी व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लेते अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

### गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपते थे अंग्रेज

**गोहाना।** शहर में पुराना बस अड्डा स्थित शहीद स्मारक पर गणेश शंकर विद्यार्थी के 94वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता गोपाल कृष्ण गोशाला के संस्थापक व अध्यक्ष जयनारायण गुप्ता ने कहा कि गणेश शंकर एक प्रमुख भारतीय निर्भीक पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे।

### वार्षिकोत्सव में मेधावियों को किया सम्मानित

**खरखौदा।** पीएम श्री राजकीय वमावि खरखौदा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, हरियाणवी डांस, देशभक्ति गीत, रागिनी आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। प्राचार्या निर्मल धनेरवाल ने अभिभावकों व सभी अतिथियों के समक्ष विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### एआई तथा इंटरनेट ऑफ थिंक्स पर कार्यक्रम शुरु

**सोनीपत।** हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में तकनीकी नवाचारः आर्टीफिशल इंटेलिजेंस तथा इंटरनेट ऑफ थिंक्स पर इंजीनियरिंग छात्रों के तकनीकी ज्ञान और व्यवहारिक कौशल बढ़ाने के उद्देश्य से एक सप्ताह भर का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया गया है।कार्यशाला दीनबन्धु छोटू राम युनिवर्सिटी मुरथल के सहयोग से और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के प्रायोजित और वित्तपोषित में आयोजित की गई।

### कलाकार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरा अधिकार

**सोनीपत।** हरियाणा शिवसेना अध्यक्ष नीरज सेठी ने स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ कड़ा बयान देते कहा है कि कुणाल कामरा ने जिस तरह से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अपमान किया है, वह न सिर्फ राजनीति के लिहाज से गलत है, बल्कि समाज में नफरत और द्वेष फैलाने का घिनौना प्रयास भी है। एक कलाकार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरा अधिकार है, लेकिन जब वह इस स्वतंत्रता का इस्तेमाल किसी की इज्जत और गरिमा को चोट पहुँचाने के लिए करता है, तो यह न केवल गलत है, बल्कि पूरी तरह से अनैतिक है।

### पशु अस्पताल के निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**गन्नौर।** गुमड़ गांव में बनाए जा रहे पशु अस्पताल का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह अस्पताल गांव के बीचों-बीच स्थित पार्क में बनाया जा रहा है। इस अस्पताल से आस-पास के पांच गांवो को सुविधा तो होगी, लेकिन पार्क की जमीन के स्थान पर इसका निर्माण दूसरे स्थान पर किया जाना चाहिए। जिससे ग्रामीणों को पार्क की सुविधा मिलती रहे।

### 29 को होगा दंगल, आज से संकीर्तन का शुभारंभ

**सोनीपत।** लहराड़ा स्थित दादा मोहनदास धाम में 29 मार्च को कुश्ती दंगल व मेला लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर धाम में संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। सुनील बैरागी ने बताया कि कुश्ती दंगल के अलावा आंखों का निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर रीतु, जगमती, कमलेश, बबीता, देवीनाथ, शम्भूनाथ, भगवानदास, महेश, रॉकी आदि मौजूद रहे।

## उपायुक्त ने आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में दिए निर्देश

# जिले में कहीं भी पीने के पानी की किल्लत न होः डॉ. मनोज

## नहरी पानी की चोरी करने पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश

जनस्वास्थ्य, सिंचाई व शहरी स्थानीय निकाय विभाग मिलकर आपसी तालमेल के साथ उचित व्यवस्था बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने आने वाले गर्मी सीजन को देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में जिला के लोगों व पशुओं के लिए पीने की पानी की उचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पीने के पानी की उपलब्धता को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग व शहरी स्थानीय निकाय विभाग मिलकर आपसी तालमेल के साथ उचित व्यवस्था बनाएं ताकि जिला में कहीं भी पानी के पानी की किल्लत न हो।उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में कहीं भी नहरी पानी की चोरी नहीं होनी चाहिए अगर कोई नहरी पानी को चोरी करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इसके अलावा इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक कर अपने क्षेत्र में पीने की पानी की उपलब्धता को लेकर व्यवस्था बनाए ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि गेहूं कटाई सीजन में होने वाली आजनी की घटनाओं पर तुरंत काबू पाने के लिए प्लान तैयार करें और फायर ब्रिगेड की गाडियों की उचित व्यवस्थाएं रखें ताकि जरूरत पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा सभी एसडीएम जिला प्रबंधन प्लान के लिए अपने सुझाव भेजे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जनस्वास्थ्य विभाग से एसई गुलशन, बिजली विभाग से एसई गीतू राम, पंचायत विभाग से एक्सईएन कुलबीर फौगाट, पीडब्ल्यूडी से एक्सईएन प्रशांत कौशिक सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### विकास कार्यों को तुरंत पूरा करवाएंः उपायुक्त

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने मंगलवार को लघु सचिवालय में शहरी स्थानीय निकाय विभाग, बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग तथा पीडब्ल्यूडी विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री घोषाओं व विभिन्न योजनाओं को लेकर किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक ली। कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे पुराने विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी तुरंत पूरा करवाएं ताकि लोगों को सभी सुविधाएं मिल सके। इन कार्यों को पूरा करने में अगर कोई अधिकारी ढिलाई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विभिन्न गांवों व शहर में बनने वाले बिजली घरों की समीक्षा करते बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां आप द्वारा पावर हाउस बनाया जा रहा है और वहां भूमि उपलब्ध नहीं हो रही है तो वे इस बारे में उन्हें बताए उनको जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके पश्चात जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में पीने के पानी को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की सभी सड़कों के मरम्मत का कार्य जल्द पूरा करवाएं।

# सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का खिताब अलंकृता त्यागी-साक्षी को मिला

- गर्ल्स कॉलेज का सात दिवसीय आवासीय पुरस्कार वितरण के साथ शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। एनएसएस शिविर के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बीए अंतिम वर्ष की अलंकृता त्यागी व बीए ज्योग्रफी ऑनर्स प्रथम वर्ष की साक्षी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के खिताब से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं के साथ सफल आयोजन की बधाई देते हुए ग्रामीणों का विशेष सहयोग के लिए आभार जताया। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में गांव रामनगर में आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ, जिसके समापन समारोह में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मुख्यातिथि के रूप में शामिल होते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान कनिका तथा निहारिका को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी के पुरस्कार से नवाजा गया। लक्षिता व सोनाक्षी को विशेष पुरस्कार से सुशोभित किया गया। समापन समारोह से पहले आयोजित मार्बल रेस में ज्योति, थ्री लेग्ड रेस में काजल व काजल की जोड़ी, वन लेग्ड रेस में काजल, जियो रेडी रेस में निहारिका प्रथम रही।


सोनीपत। मॉक ड्रिल के दौरान आग बुझाते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

**सोनीपत।** सोनीपत-बहालगढ़ रोड पर स्थित बीपीसीएल पेट्रोल पंप पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया गया। जिले में अगर कोई आपात स्थिति होती है तो उससे किस तरह निपटा जाएगा। इसमें गैल के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों न हिस्सा लिया। गैल से जीएम अरूण कुमार ने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी विनित कादयान, नागरिक सुरक्षा विभाग से गगनदीप, गैल गैस के जीएम अरूण कुमार व अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### जिला परिषद सीईओ को सौंपा मांगपत्र

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीपीएल परिवारों को शामिल करने को लेकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने मंगलवार को जिला परिषद सीईओ अभय सिंह जांगड़ा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि उन परिवारों को भी योजना में शामिल किया जाए जिनके मकान खंडहर बन चुके हैं और रहने लायक नहीं हैं। बड़वासनिया ने बताया कि वार्ड नंबर 11 सहित कई गांवों में गरीब परिवार बेहद दयनीय स्थिति में रह रहे हैं, लेकिन सर्वे के दौरान उनके नाम शामिल नहीं किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि सर्वे में पक्षपात हुआ है और कुछ अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, जिससे जरूरतमंद परिवार योजना के लाभ से वंचित रह गए हैं।

# शिविर में हिस्सा लेकर लौटा साहिल

## कॉलेज पहुंचने पर किया भव्य स्वागत और दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। साहिल का स्वागत करते कॉलेज प्राचार्य एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

हिंदू कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक का युवा नेतृत्व शिविर, नैनीताल में भाग लेकर लौटने पर स्वागत किया गया। प्राचार्य अर्चना गुप्ता ने बताया कि कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवक साहिल भोरिया ने 17 मार्च से 23 मार्च तक नैनीताल में आयोजित युवा नेतृत्व शिविर में सफल भागीदारी की। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज में साहिल का स्वागत किया और बधाई दी।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीषा गुप्ता ने बताया कि शिविर का आयोजन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के एनएसएस सेल द्वारा डॉ. सविता राठी, एनएसएस समन्वयक के नेतृत्व में किया गया था, जिसका उद्देश्य युवा स्वयंसेवकों को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी से लैस करना था। विशेषज्ञ वक्ताओं और प्रशिक्षकों ने स्वयंसेवकों में समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए इंटरैक्टिव कार्यशालाएं, समूह चर्चाएं और बाहरी गतिविधियां आयोजित कीं।

### राजीव जैन ने पंचकूला में ली मेयर की शपथ

**सोनीपत।** नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर राजीव जैन पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने के बाद विधिवत महापौर बन गए हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली, स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल तथा ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मंच पर बधाई दी। राजीव जैन बुधवार को 10 बजे नगर निगम में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

मंगलवार को शपथ लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजीव जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहली बार राज्य स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करके ट्रिप्पल इंजन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली जनता का मान सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि वह निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर सोनीपत के अधूरे पड़े प्रोजेक्ट की समीक्षा करेंगे और विकास का खाका तैयार करेंगे।

# महिलाओं को जागरूक करें छात्राएं : वीसी

- महिला अधिकारों पर आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं के साथ महिला कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के विधि विभाग में स्थापित लीगल एड सेंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी सोनीपत के तत्वावधान में महिला अधिकारों पर आयोजित 7 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की। मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आसपास के गांवों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया गया है जो एक बहुत ही सरहानीय कार्य है। कुलपति ने कहा कि हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। फिर भी जागरूकता के अभाव में हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही बात नहीं करनी चाहिए अपितु अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने विधि विभाग की छात्राओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक मुद्दों पर निरंतर संवाद करें और समाज में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम करें। विवि की लीगल एड सेंटर की कन्वीनर डॉ. अलका भारती ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंच संचालन छात्रा सैलजा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कृतिका दहिया ने दिया। कार्यक्रम में जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी सोनीपत से कमलेश व सोनिया भी मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते निदेशक एवं अन्य स्टाफ।

### माइंडफुल मैनेजमेंट कार्यशाला में लिया हिस्सा

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में विशेष कार्यशाला माइंडफुल मैनेजमेंट' हार्नेसिंग इनर पीस फॉर सक्सेस का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हार्टफुलनेस मेडिटेशन के जाने-माने प्रशिक्षक, सेवानिवृत्त, डॉ. (कर्नल) रणवीर सिंह और डॉ. अनीता सिंह ने छात्रों और प्रबंधन से जुड़े लोगों को ध्यान और माइंडफूलनेस तकनीक के माध्यम से बताया कि कैसे आंतरिक शांति को अपनाकर बेहतर निर्णय लेना, तनाव को कम करना और करियर को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। कॉलेज निदेशक डॉ. शिवानी ठाकुर ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि आज के दौर में मानसिक मजबूती उतनी ही जरूरी है, जितनी तकनीकी और व्यावसायिक दक्षता। यह कार्यशाला छात्रों को प्रबंधन के क्षेत्र में सफलता के साथ-साथ संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा भी देती है।

# स्वयंसहायता समूह बनाकर बनें आत्मनिर्भर

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा


छात्रों द्वारा तैयार सामान का अवलोकन करते हुए किरण सरोहा व अन्य।

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आउटरीच समिति तथा हरको फेड के सहयोग से चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का मंगलवार को सम्पन्न हो गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि सुमन बल्हारा मैनेजिंग डायरेक्टर हरको फेड पंचकूला रही। जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि कैसे स्वयं सहायता समूह बनाकर आत्मनिर्भर बन सकते है और विभिन्न सरकारी योजनाओं का कैसे लाभ उठा सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने आउटरीच कार्यक्रम इंचार्ज डॉ किरण सरोहा को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम किसी भी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए किया गया प्रथम प्रयास है, जो कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। जिससे आस-पास के गांव के लोगों तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के छोटे उद्योगों से जोड़ा जा सकता है, जो उनकी आर्थिक उन्नति में सहायक होगा। स्वयं सहायता समूह से पहुंची प्रशिक्षक रेखा वशिष्ठ का भी धन्यवाद किया। प्रशिक्षक रेखा ने छात्र -छात्राओं को अचार, मुरब्बा, आंवला कैंडी बनाने का प्रशिक्षण दिया।



सोनीपत। अपनी जीती हुई ट्राफी दिखाते हुए राहुल महला। फोटो :हरिभूमि

### बास्केटबॉल में छाया राहुल

**सोनीपत।** ओपन नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप अंडर U-23 बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा असम के गोहाटी में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग दो दशक के उपरांत हरियाणा स्टेट ने अपना पहला स्थान प्राप्त हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। हरियाणा की टीम का मुकाबला पंजाब के साथ फाइनल मुकाबले में हुआ, 24 मार्च को अन्तिम फाईनल मैच हुआ। जिसमें मोहाना गांव के राहुल महला ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। साधारण किसान परिवार से सम्बंध रखने वाले राहुल महला का गांव मोहाना में पहुंचनें पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। पूर्व समिति सदस्य व खेल प्रेमरी युद्धविंद्र सिंह मोहाना ने बताया कि राहुल का समस्त मोहाना ग्रामवासियों व बास्केटबॉल खेल प्रेमियों के द्वारा मिठाईयां बाटते हुए स्वागत किया गया।

## अवैध कोचिंग सेंटर और प्ले-स्कूलों के खिलाफ निजी स्कूल लामबंद

# जिला प्रशासन के समक्ष उठाई कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


लघु सचिवालय में पहुंचें हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस की सोनीपत शाखा ने शहर में अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और इन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को एक विस्तृत सूची भी सौंपी, जिसमें उन संस्थानों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है, जो हरियाणा सरकार द्वारा जारी नियमों की अनदेखी कर स्कूली समय में कोचिंग चला रहे हैं। इन संस्थानों में बिना मान्यता के डमी स्कूल चलाए जा रहे हैं, असुरक्षित भवनों में बच्चों को ठूंसा जा रहा है और शिक्षा के नाम पर डमी स्कूलिंग जैसी अवैध गतिविधियाँ में बच्चों को संलिप्त किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी, ऋषिकुल विद्यापीठ (देवरू रोड), शिवा शिक्षा सदन, रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल, टीडीआई इंटरनेशनल, सनराइज इंटरनेशनल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, डीएवी मल्टीपरपज़, जंकीदास कपूर, ब्राइट स्कॉलर, दिल्ली विद्यापीठ, श्रीजी इंटरनेशनल, सरस्वती शिक्षा संस्थान, इंडियन पब्लिक स्कूल, प्रताप स्कूल (खरखौदा), लिटिल एंजल्स और स्प्रिंग बर्ड के संचालक व प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि इन अवैध कोचिंग संस्थानों के कारण स्कूली शिक्षा प्रणाली पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह मामला केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। विद्यालय संचालकों ने जिला प्रशासन से माँग की कि अवैध कोचिंग सेंटरों की तुरंत जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। हरियाणा निजी कोचिंग संस्थान पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम, 2024 का सख्ती से पालन कराया जाए। केवल उन्हीं संस्थानों को कार्य करने की अनुमति दी जाए, जो मान्यता प्राप्त हों और निर्धारित सुरक्षा एवं शैक्षिक मानकों का पालन करें। बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन अवैध कोचिंग संस्थानों पर सख्त नियंत्रण रखा जाए। विद्यालय संचालकों ने यह भी कहा कि यदि जिला प्रशासन शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तो वे अभिभावकों और छात्रों के हित में इस मामले को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए बाध्य होंगे।


सोनीपत। एमओयू के साथ कॉलेज प्राचार्य एवं कंपनी के निदेशक।

### परामर्श देने के लिये कॉलेज ने किया

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत और न्यू डायरेक्शन काउंसलिंग सर्विसेज के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया। निदेशक राकेश कालरा की उपस्थिति में सहयोग के क्षेत्रों की खोज करने से संबंधित समझौता किया गया। जिससे कॉलेज और संगठन दोनों को लाभ हो सके। यह छात्रों को शैक्षणिक तनाव, भावनात्मक कल्याण और करियर से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए परामर्श सहायता भी प्रदान करेगा। उपरोक्त गतिविधियों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों (कॉलेज और संगठन) के बीच परामर्श के लिए एक विस्तृत योजना पर सहमति हो सकती है। यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर की तारीख से तीनवर्ष की अवधि के लिए वैध होगा। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में एक काउंसलिंग सेल का भी निर्माण किया गया, जिसमें डॉ. वंदना नासा कार्यवाहक के तौर पर कार्य करेंगी।

## खबर संक्षेप

### प्रकृति संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी: हितेश

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना में मंगलवार को प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वन एवं वन्य प्राणी विभाग द्वारा आयोजित किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमेशर सिंह हुड्डा ने की। संयुक्त संयोजन एनसीसी व एनएसएस इकाइयों के साथ राजनीति विज्ञान विभाग का रहा। मुख्य वक्ता वन एवं वन्य प्राणी विभाग प्रचार एवं प्रशिक्षण रेंज ऑफिसर रोहतक हितेश डागर ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन हम सब की जिम्मेदारी है। प्रकृति संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और एक परिपक्कव पेड़ बनने तक लगातार चार साल तक उनकी देखभाल करें। प्राचार्य डा. शमशेर हुड्डा ने आह्वान किया कि हमें अपने प्रत्येक जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

### किसानों को ब्याज सहित बीमा क्लेम मिले

**गोहाना।** भारतीय किसान यूनियन चढूनी (भाकियू) ने किसानों को फसल खराबे की बीमा क्लेम का भुगतान न करने पर विक्षोभ व्यक्त किया है। आरोप है कि रिलायंस बीमा कंपनी ने वर्ष 2021-22 व 2023 में खराब हुई फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए बीमा क्लेम नहीं दिया। इस मामले में बीमा कंपनी ने झूठे आंकड़े पेश करके अधिकारियों को भी गुमराह कर दिया। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि वर्ष 2021-22 व 2023 में रिलायंस बीमा कंपनी ने किसानों की फसलों का बीमा किया था। फसलें खराब होने पर कंपनी ने किसानों को बीमा क्लेम देने की बजाए बीमा प्रीमियम राशि वापस करके अपना पल्ला झाड़ लिया। यह मसला कभी एसएलजीसी तो कभी डीएलएमसी में जाता रहा लेकिन आखिर में वही ढाक के तीन पात वाली कहावत साबित हुई। किसानों को बीमा क्लेम के नाम पर एक फूटी कौड़ी का भी भुगतान नहीं किया गया।

### दो बार ब्रश करें, दांतों पर न जमने दें प्लाक : अंकिता

**गोहाना।** गांव बनवासा स्थित पीएचसी में दंत विशेषज्ञ डॉ. अंकिता ने कहा कि मौखिक स्वास्थ्य के लिए दांतों पर प्लाक न जमने दें। खाना खाने के बाद दिन में दो बार ब्रश करें। दांतों पर प्लाक जमने से पायरिया की शिकायत बढ़ जाती है जिसका स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। वे गांव धनाना, छपरा और बनवासा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में ग्रामीणों को मौखिक स्वास्थ्य बारे जागरूक कर रही थीं। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को मौखिक स्वास्थ्य बारे जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा 20 मार्च से जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। यह अभियान 20 अप्रैल तक चलेगा।

# काम दिलाने के बहाने बिहार से बुलाया पूर्व वार्ड सदस्य, मारपीट कर भेजा, उपचार के दौरान मौत

## ममेरे भाइयों पर लगा मारपीट कर हत्या का आरोप, कुंडली थाना पुलिस करेगी जांच

- मुजफ्फरपुर के गांव करैला का रहने वाला था मिथलेश राम, प्याऊ मनियारी में आया था काम करने के लिये
- मृतक की पत्नी ने गांव के पुराने विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बिहार से पूर्व वार्ड सदस्य को काम दिलाने के बहाने सोनीपत बुलाकर मारपीट करने के बाद वापस भेज दिया गया। वापस बिहार में पहुंचनें के बाद जब पूर्व वार्ड सदस्य का इलाज करवाया गया तो उस दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में बिहार पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कुंडली थाना पुलिस को भेजी है। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ हत्या व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसके बाद से पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि इस मामले में शिकायतकर्ता मृतक की पत्नी है और आरोपित मृतक के ममेरे भाई हैं।

जानकारी अनुसार बिहार के जिला मुजफ्फरपुर के गांव करैला निवासी सुनीता देवी ने बिहार के पीयर थाना की पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके पति मिथलेश राम (40) करीब एक माह पहले हरियाणा के सोनीपत के कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी गए थे। उन्हें प्याऊ मनियारी में पहले से ही रह रहे उनके गांव के राजकुमार राम, अनिल राम व उसके भाई प्रवीण राम, संजय राम और गांव असिया के राजा कुमार राम ने काम दिलाने के बहाने बुलाया था। इनमें राजकुमार राम, अनिल राम, भाई प्रवीण राम व संजय राम उनके पति के ममेरे भाई है। उन्होंने बताया कि आरोपित प्याऊ मनियारी में एक साथ रहते थे और काम करते थे।

गांव के पुराने विवाद को लेकर वह अक्सर उनके पति मिथलेश से झगड़ा करते थे। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को धुल्लेंडी के दिन आरोपितों ने उन्हें अपने कमरे पर बुलाया था। वहां पर उनके पति मिथलेश राम को बुरी तरह पीटा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सुनीता ने आरोप लगाया कि उनके पति को स्थानीय दुकान से दवा दिलाई गई। बाद में ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर 18 मार्च को उनके पति को ट्रेन से बिहार भेज दिया। 19 मार्च को जब मिथलेश राम घर पहुंचे और मामले से सुनीता को अवगत कराया। जिसके बाद उनकी हालत देखकर परिवार वाले तुरंत पीएचसी बंदरा ले गए, जहां से उन्हें एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया गया। अस्पताल में 20 मार्च की रात करीब एक बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### वार्ड सदस्य बनने के बाद रंजिश


मृतक मिथलेश राम का फाइल फोटो।

मृतक के भाई विनोद ने बताया कि उनके भाई मिथलेश गांव में वार्ड-10 के पूर्व सदस्य रहे हैं। जिसके चलते आरोपी ममेरे भाई उनके भाई से रंजिश रखते थे। वह उनसे कहते थे कि वार्ड सदस्य रहते उसने खूब कमाई की है। उसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया है। विनोद ने पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपियों को सख्त सजा दिलवाने की आवाज उठाई है।

### आरोपित के पिता ने दी थी धमकी

सुनीता का आरोप है कि जब उन्होंने आरोपितों से इस बारे में पूछताछ की तो आरोपित राजकुमार राम के पिता आनंदी राम और अनिल राम व प्रवीण राम के पिता सखीचरण राम ने उन्हें धमकी दी। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। महिला ने आरोप लगाया कि उनके पति को कमरे में बंद कर साजिश के तहत इतनी बुरी तरह पीटा गया कि अंदरुनी चोट के कारण उनकी मौत हो गई। सुनीता की शिकायत पर बिहार के पीयर थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर कुंडली थाना में भेजी है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।


गन्नौर। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा स्टाफ के साथ हवन से पूर्व पदम श्री डॉ. पूनम सूरी की लंबी उम्र की कामना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# पदमश्री डॉ. पूनम सूरी का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल गन्नौर में डी.ए.वी. कालेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली के निर्देशन में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा हरियाणा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आर्य समाज स्थापना दिवस' के उपलक्ष्य में डी.ए.वी. परिवार के मुखिया आर्य रत्न पदम श्री डॉक्टर पूनम सूरी के 78 वें जन्म दिवस पर हवन यज्ञ करके उनकी दीर्घायु ,उत्तम स्वास्थ्य और यश- कीर्ति की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने भी उनकी लंबी आयु और स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी और उन्हें आशवस्त करते हुए कहा कि नए लक्ष्य और नई मंजिलें हम आत्मसात करेंगे, प्रभु की असीम कृपा से हम सदैव आगे बढ़ेंगे। आर्य समाज की टीम ने कहा कि डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में दव संस्थानों में आर्य समाज का प्रचम लहरा रहा है। प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने कहा कि डॉ. पूनम सूरी सक्रिय सामाजिक व्यक्ति और सच्चे देशभक्त भी हैं।

# मुरथल में हुआ कवि सम्मेलन कवियों ने शहीदों को याद किया

- कार्यक्रम में डॉ. सुभाष गक्खड़ की पुस्तक परछाइयां का विमोचन भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कस्तूरी फाउंडेशन द्वारा मुरथल स्थित एक ढाबे पर शहीदी दिवस के मौके पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पूर्व शिक्षाविद डॉ. कमलेश मलिक भी अतिथि के तौर पर मौजूद रही। कार्यक्रम में डॉ. कमलेश मलिक ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं इस दौरान डॉ. सुभाष गक्खड़ की पुस्तक परछाइयाँ का विमोचन भी किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचीं डॉ. कमलेश मलिक एवं अन्य अतिथिगण।

# बच्चों की सांस्कृतिक कला से महका वार्षिकोत्सव


गोहाना। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समां बांधते हुए नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी।

- सेक्टर 7 स्थित दि विज्डम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिक समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सेक्टर 7 स्थित दि विज्डम स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव का विषय आशा रखा गया जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक कला प्रतिभा के रंगों से समारोह को यादगार बना दिया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अभिभावक शशि कुमार सर्राफ और सम्मानीय अतिथि एसडीजेएम कम-सिविल जज सीनियर डिविजन खुशबू गोयल, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सौरव अरोड़ा, केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर अशोक अरोड़ा, सेवानिवृत्त लेक्चरर सुमन अरोड़ा, डॉ. रोहित विरमानी और डॉ. दीप्ति आर्य रहे।

समारोह का नेतृत्व स्कूल के संचालक उत्तम राठी ने किया। अध्यक्षता मुख्याध्यापिका रेणु नासा ने की। समारोह में अतिथिगणों ने वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# हर साल 3 .4 लाख लोगों की टीबी से होती है मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

खानपुर कलां गांव स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज में विश्व टीबी दिवस मनाया गया। हां हम टीबी को खत्म कर सकते हैं थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक और संकाय सदस्यों द्वारा 10 टीबी रोगियों को गोद लिया गया और रोगियों को पोषण किट सौंपी गई। कार्यक्रम स्नातक छात्राओं के लिए पोस्टर/दीवार पत्रिका प्रतियोगिता भी करवाई गई। मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश चन्द्र दुरेजा के अनुसार कुल 150 मिलियन सक्रिय टीबी मामलों में से 28 लाख भारत में हैं। टीबी से दुनिया भर में कुल मृत्यु दर लगभग 1.5 मिलियन है और हमारे देश में हर साल 3.4 लाख लोगों की टीबी से मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि अपने देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए हमें जागरूक बनने की जरूरत है। एचओडी रेस्पिरेटरी मेडिसिन सह एसटीएफ उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. आनंद अग्रवाल ने कहा कि एमडीआर टीबी मामलों के लिए एक अति लघु उपचार पाठ्यक्रम है जो निकट भविष्य में लक्ष्य हासिल करने के लिए एक गेम चेंजर होगा। टीबी चिकित्सा की अवधि 18 महीने से घटाकर 6 महीने कर दी गई है।

# गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन का निधन

**गन्नौर।** गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन का हृदयघात के कारण सोमवार को निधन हो गया। वह अपनी उम्र के 70वें पड़ाव पर थे। शेखरचंद जैन को सोमवार को अचानक से छाती में तेज दर्द हुआ था, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए सोनीपत के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। शेखरचंद जैन श्री गोशाला गन्नौर के 12 साल सचिव के पद पर रहे, 14 साल तक एसएस जैन सभा के प्रधान व नगरपालिका के पूर्व पार्षद भी रहे। गन्नौर के शिव मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा नेता आजाद नेहरा, व्यापार मंडल सोनीपत के अध्यक्ष संजय सिंघला, अग्रवाल समाज प्रधान राजकुमार अग्रवाल, संदीप सिंघल ने शोक जताया।



# सफलता प्राप्ति के लिए जमकर मेहनत करें : महेंद्र मलिक

- शेर सिंह पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा 11वीं तक वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्राफी व प्रशिस्त पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता स्कूल के चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्ति के लिए मन लगाकर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन विद्या अर्जित करने के लिए होता है। ऐसे में विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। जो विद्यार्थी सच्ची लग्न व दृढ़ संकल्प के साथ मेहनत करते हैं उनको जीवन में कभी निराशा हाथ नहीं लगती। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। समारोह में अशोक दांगी, संगीता अरोड़ा, सादमा खान, सुमित रोहिल्ला व जगमोहन उपस्थित रहे।



गोहाना। मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए चेयरमैन महेंद्र सिंह मलिक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## रुके विकास कार्यों को लेकर वे विधानसभा में मुद्दे उठा चुके हैं : कादियान

# गन्नौर में हर सोमवार लगेगा जनता दरबार : विधायक

- जनसंवाद कार्यक्रम के तहत गांव भांवर, खुबड़ू, नयाबांस, सरढाना, आहुलाना और अटायल पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान


हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि जनसहयोग से विकास कार्यों में तेजी लाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत वे भांवर, खुबड़ू, नयाबांस, सरढाना, आहुलाना और अटायल गांव पहुंचे। ग्रामीणों और सरपंचों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। विधायक ने लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सरढाना में सरकारी स्कूल के शिक्षकों ने 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाने की मांग रखी। विधायक ने आश्वासन दिया कि यह जल्द पूरा होगा, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा मामला है। आहुलाना में बैंक शाखा खोलने की मांग उठी। गांव के मुखियाओं ने विकास कार्यों को लेकर ज्ञापन सौंपे, जिनमें व्यायामशाला, लाइब्रेरी, चौपाल, रास्ता और कम्युनिटी हॉल जैसी मांगें शामिल रहीं। विधायक ने कहा कि उनका कार्यकाल 5 साल का है। अभी कुछ ही महीने हुए हैं। एक साल में नया गन्नौर दिखने लगेगा। उन्होंने बताया कि हर सोमवार को गन्नौर स्थित कार्यालय में जनता दरबार लगेगा। पूरे दिन लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्नौर में लंबे समय से रुके विकास कार्यों को लेकर वे विधानसभा में मुद्दे उठा चुके हैं। इनमें गन्नौर शहर का बाईपास, ड्रेनेज सिस्टम, गन्नौर-गोहाना मार्ग को फोरलेन बनाना, अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का तेजी से निर्माण और अनाज मंडी को शहर से बाहर शिफ्ट करने जैसे विषय शामिल हैं। सरकार ने कुछ मामलों पर संज्ञान लिया है और जल्द काम शुरू होने की उम्मीद है।


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान का जनसंवाद कार्यक्रम में फूलमाला से स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सबसे बड़ी मंडी होगी

कादियान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी एशिया की सबसे बड़ी मंडी होगी। इसके शुरू होने से गन्नौर की अलग पहचान बनेगी। यहां 17 शेड तैयार हो चुके हैं। किसानों को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। मंडी का आधे से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादयान, नायब तहसीलदार गजे सिंह, सेकेट्री अनिल कुमार, सरपंच मेहर सिंह, सरपंच कृष्ण, सरपंच कर्मबीर, नरेंद्र यादव, देवेंद्र सरोहा, प्रदीप धनखड़, कविता देवी, सपना रानी, मोनिका देवी, जगबीर, दीपक, बलराज, गुरमेल और सुरेश समेत कई लोग मौजूद रहे।



# गो संरक्षण के लिए बाबा मस्ताना नाथ ने 2 लाख 55 हजार 551 रुपये की राशि भेंट

**गन्नौर।** छोटी मंडी के निकट स्थित श्री गोशाला में दानवीर श्री शंकर नाथ मंदिर गुमड़ के बाबा मस्ताना नाथ ने 2 लाख 55 हजार 551 रुपये की राशि गाय संरक्षण को समर्पित की। बाबा मस्ताना नाथ ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया जाता है, क्योंकि गाय हमारी मां की तरह पौष्टिक दूध के माध्यम से हमारा पोषण करती है और बदले में हमसे कुछ नहीं मांगती। इसलिए अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा गोमाता की सेवा के लिए समर्पित अवश्य करना चाहिए। उनके अलावा 40 दानवीरों ने गोशाला के विकास के लिए दान दिया। समारोह में गोशाला में दान देने वाले दानवीरों को बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि गाय हमारी सनातन संस्कृति का आधार है, जिसे समृद्धि, खुशहाली व उन्नति का प्रतीक माना जाता है। यदि हम अपनी नेक कमाई का कुछ हिस्सा गोशाला को देते हैं तो यह एक बहुत बड़ी सेवा होगी।